अनियमित्ता | मल्ठार-खम्हेर टोला सड़क में घटिया कार्य, न बोर्ड लगा न अधिकारी मौजूद

# दो साल पुरानी सड़क पर फिर सात लाख का निर्माण





**बबलिया 13 दिसंबर नभाप्र.** जिले के जेवरा से मल्ठार पहुंच मार्ग से खम्हेर टोला पहुंच मार्ग पर ग्रामीण यांत्रिकी सेवा (आरईएस) विभाग के अंतर्गत बन रही सुदूर सड़क के निर्माण में गंभीर अनियमितताएं सामने आई हैं। स्थानीय ग्रामीणों और जनप्रतिनिधियों ने आरईएस अधिकारियों की मिलीभगत से घटिया निर्माण और शासकीय राशि के दुरुपयोग का आरोप लगाया है।

पूर्व सरपंच मोतीलाल कुलस्ते और पूर्व उपसरपंच ओमकार सिंह वरकड़े ने जानकारी देते हुए बताया कि वर्ष 2023-24 में इसी मार्ग पर लगभग 7 लाख रुपये की लागत से सुदूर सड़क का निर्माण किया गया था। हैरानी की बात यह है कि मात्र दो वर्ष भी नहीं बीते हैं और उसी पुरानी सड़क के ऊपर पुन: सुदूर सड़क का निर्माण किया जा रहा है। स्थानीय जनप्रतिनिधियों ने आरोप लगाया है कि यह जानबूझकर शासन के पैसे की बर्बादी है। पुरानी सड़क के ऊपर माटी और मुरुम डालकर शासकीय राशि का दुरुपयोग किया जा रहा है।

### तहसीलदार ने दिए जांच के निर्देश

ग्रामीणों ने बताया कि संबंधित पटवारी हल्का नंबर न होने के कारण अवैध उत्खनन धड़ल्ले से चल रहा है। इस संबंध में जब नायब तहसीलदार से बात की गई, तो उन्होंने बताया कि मौके स्थल की जांच करके नियमानुसार कार्यवाही की जाएगी।

### कार्यस्थल पर उपस्थित नहीं रहते अधिकारी

ग्रामीणों ने बताया कि निर्माण स्थल पर आरईएस विभाग का कोई भी अधिकारी मौजूद नहीं रहता, जिसके कारण काम भगवान भरोसे चल रहा है। पूर्व सरपंच मोतीलाल और ओमकार सिंह ने स्पष्ट रूप से कहा है कि ठेकेदार और आरईएस अधिकारियों की मिलीभगत से निर्माण में लीपापोती की जा रही है।



### जानकारी छिपाने के लिए बोर्ड गायब

मल्ठार के ग्रामीणजनों ने बताया कि निर्माण कार्य में गुणवत्ता और प्राक्कलन की अनदेखी की जा रही है। सड़क निर्माण में प्राक्कलन के अनुसार सड़क की मोटाई, चौड़ाई और अर्थवर्क नहीं किया जा रहा है। साइड सोल्डर भी नहीं बनाए जा रहे हैं। निर्माण में उपयोग की जा रही मुरुम का अवैध उत्खनन किया जा रहा है, जिसकी अनुमति नहीं ली गई है। इससे उत्खनन विभाग को रॉयल्टी का नुकसान हो रहा है। निर्माण में पारदर्शिता पर पर्दा डालने के लिए मौके पर कोई बोर्ड नहीं लगाया गया है, जिससे सड़क की दूरी, लंबाई, चौड़ाई, लागत, पुलिया, पाइप की संख्या और सामग्री मिश्रण अनुपात गिट्टी, रेत, सीमेंट जैसी कोई भी जानकारी आमजन को नहीं मिल पा रही है।

# चलती तूफान में शॉर्ट सर्किट से लगी भीषण आग

## महाराष्ट्र भ्रमण से लौट रहे ड्राइवर की गाड़ी बीच जंगल में जली, कोई जनहानि नहीं



**बबलिया 13 दिसंबर नभाप्र.** बबलिया से लगभग 10 किलोमीटर दूर टिकरिया थाना क्षेत्र के अंतर्गत साल्हेपानी और हर्राटीकुर के बीच जंगल में दोपहर अचानक एक चलती तूफान वाहन में भीषण आग लग गई। शॉर्ट सर्किट के कारण लगी इस आग में वाहन पूरी तरह जलकर खाक हो गया।

जानकारी अनुसार साल्हेपानी, हर्राटीकुर के जंगल में एक चौपहिया तूफान वाहन शनिवार दोपहर लगभग 12 बजे अचानक आग लग गई और जलकर खाक हो गई। तूफान वाहन गाड़ी तुलसीराम पंद्राम की थी, जिसे चालक ब्रजलाल पंद्राम चला रहा था। बताया गया कि वह साल्हेपानी अपने गृह ग्राम की ओर आ रहा था। इसी दौरान बीजेगांव हर्राटीकुर से साल्हेपानी के बीच जंगल में अचानक शॉर्ट सर्किट होने से वाहन में आग लग गई। जिससे पूरी गाड़ी जलकर खाक हो गई।

### जंगल में हुआ हादसा

बताया गया कि वाहन चालक ब्रजलाल पंद्राम अकेला था। वह बीजाड़ांडी से स्व-सहायता समूह की महिलाओं को महाराष्ट्र का भ्रमण कराकर उन्हें बीजाड़ांडी में छोड़कर अपने घर वापस आ रहा था। इसी दौरान वाहन में आग लग गई। आग इतनी भीषण थी कि ड्राइवर ब्रजलाल पंद्राम को वाहन से निकलने का मौका मिल गया, लेकिन वाहन में रखा हुआ सारा सामान और तूफान वाहन मौके पर ही जलकर खाक हो गया। गनीमत यह रही कि इस घटना में कोई जनहानि नहीं हुई।

### जनपद अध्यक्ष और सदस्य पहुंचे मौके पर

घटना की खबर मिलते ही जनपद अध्यक्ष आशाराम भारतीया और जनपद सदस्य सुंदर लाल उर्रेती तत्काल घटना स्थल पर पहुंचे। जनपद अध्यक्ष आशाराम भारतीया ने संबंधित पुलिस अधिकारी को घटना की जानकारी दी और उचित कार्रवाई करने के लिए कहां। जनपद अध्यक्ष ने बताया कि आग शॉर्ट सर्किट के कारण लगी और ड्राइवर ने सूझबूझ से वह अपनी जान बचा ली। पुलिस मामला दर्ज कर हादसे की जांच कर रही है।

# सर्पदंश से मृत्यु पर वारसान को चार लाख रूपए की आर्थिक सहायता स्वीकृत

**मंडला 13 दिसंबर नभाप्र.** संतोबाई निवासी ग्राम सिंगौधा तहसील नारायणगंज की 21 अगस्त 2025 को सर्पदंश से मृत्यु हो जाने के कारण निकटतम वारसान को 4 लाख रूपए आर्थिक सहायता स्वीकृत की गई है। अनुविभागीय अधिकारी राजस्व निवास के द्वारा मृतक के निकटतम वारसान पुत्र इन्दर लाल के खाते में आर्थिक सहायता की राशि स्वीकृत की गई है।

# कलयुगी मामा ने भांजी पर हँसिये से किया जानलेवा हमला



घुघरी मलवाथर में दुष्कर्म के प्रयास का विरोध करने पर वारदात

पुलिस ने तत्परता से पहुंचाया अस्पताल

आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर भेजा जेल

**घुघरी 13 दिसंबर नभाप्र.** मंडला जिले के घुघरी थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम मलवाथर में शुक्रवार को रिश्तों को तार-तार करने वाली एक सनसनीखेज घटना सामने आई है। ग्राम मलवाथर में एक कलयुगी मामा ने अपनी भांजी पर हँसिये से जानलेवा हमला कर दिया। घुघरी थाना प्रभारी पूजा बघेल ने घटना की जानकारी देते हुए बताईं कि आरोपी को गिरफ्तार कर लिया गया था, जिसे शनिवार को माननीय न्यायालय में पेश कर न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया है। जानकारी अनुसार ग्राम मलवाथर निवासी भूरी बाई धनंजय अपने घर पर अकेली थीं। इसी दौरान छिबलाटोला निवासी उसका मामा बुद्धू दास उसके घर पहुँचा। बताया गया कि आरोपी बुद्धू दास की नीयत भांजी भूरी बाई पर ख़राब थी और वह अक्सर उसके घर आता-जाता रहता था। बताया गया कि घटना वाले दिन युवती को घर में अकेला पाकर आरोपी मामा ने उसके साथ गलत संबंध बनाने का प्रयास किया। जब युवती ने इसका कड़ा विरोध किया, तो आरोपी आक्रोशित हो गया और उसने भांजी के सिर पर हँसिये से जोरदार हमला कर दिया। हमले के कारण युवती के सिर पर गंभीर चोट आई और वह खून से लथपथ होकर बेहोश हो गई।

### पुलिस की तत्परता से बची जान

हमले के बाद एक चौंकाने वाली बात सामने आई कि आरोपी खुद घायल युवती को अपनी पीठ पर लादकर अस्पताल ले जा रहा था। इसी बीच गाँव के कुछ लोगों ने उसे देखा और रोककर तुरंत पुलिस को घटना की सूचना दी। घटना की खबर मिलते ही घुघरी पुलिस तत्काल मौके पर पहुँची। जब काफी देर तक एम्बुलेंस नहीं आई, तो पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए एक ऑटो को रोककर घायल युवती को जल्द से जल्द अस्पताल पहुँचाया, जहाँ उसका उपचार जारी है।

### आरोपी गिरफ्तार, न्यायिक हिरासत में भेजा जेल

घुघरी पुलिस ने इस गंभीर घटना को संज्ञान में लेते हुए आरोपी मामा बुद्धू दास के खिलाफ बीएनएस के तहत मामला दर्ज कर उसे गिरफ्तार कर लिया। आरोपी को न्यायालय में पेश किया गया, जहां से उसे न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया है। पुलिस इस पूरे मामले की गंभीरतापूर्वक जाँच कर रही है। आरोपी को पकड़ने में उप निरीक्षक रामकिशोर माथरे, साइबर सहयोगी मिथिलेश पटेल, सैनिक पवन सोनवानी शामिल रहे।

# चैत्र माह के अलावा पहली बार 25 धर्मप्रेमियों ने लिया उत्तरवाहिनी परिक्रमा का संकल्प

## महिष्मति नगरी में शुरू हुई वर्ष भर उत्तरवाहिनी परिक्रमा की नई परंपरा, श्री व्यास नारायण मंदिर में पूजन करके शुरू की माँ नर्मदा की परिक्रमा



**मंडला 13 दिसंबर नभाप्र.** मां नर्मदा से महिष्मति नगरी मंडला की महिमा और गरिमा हजारों वर्षों से जुड़ी हुई है। प्राचीनकाल में भगवान वेदव्यास की कृपा से ही नर्मदा जी ने अपना मार्ग बदलकर यहां मंडलाकार रचना की और शहर को उत्तरवाहिनी प्रवाह का आशीर्वाद प्रदान किया। बताया गया कि अभी तक यह उत्तरवाहिनी परिक्रमा मुख्य रूप से केवल चैत्र महीने में ही की जाती थी। हालांकि इस वर्ष शहर के कुछ श्रद्धालुओं ने इस दिव्य प्रवाह को आत्मसात करने के उद्देश्य से चैत्र माह से पहले ही परिक्रमा शुरू कर दी है। 13 दिसंबर की सुबह 7 बजे शहर के 25 धर्मप्रेमियों ने सामूहिक परिक्रमा करने के लिए श्री व्यास नारायण मंदिर, किला घाट, मंडला पर अपनी उपस्थिति दर्ज कराई। जहां से सभी ने माँ नर्मदा की उत्तरवाहिनी परिक्रमा शुरू की।

### संकल्प लेकर परिक्रमा में निकले भक्त

उत्तरवाहिनी परिक्रमा आयोजन समिति के सुधीर कांसकार ने परिक्रमा करने वाले समूह को पूरे रूट चार्ट के बारे में विस्तार से समझाया। इसके बाद पंडित रामायण दुबे ने सभी श्रद्धालुओं का संकल्प पूजन कराकर उन्हें तट परिवर्तन के लिए रवाना किया।

### भक्तों की जागी उम्मीद

आयोजकों ने बताया कि यह समूह पिछले 4-5 वर्षों में पहला ऐसा समूह है जो चैत्र माह के अलावा अन्य समय में परिक्रमा के लिए आया है। माँ नर्मदा प्रेमियों से चर्चा के बाद यह उम्मीद जगी है कि यदि यह परंपरा शुरू होती है तो वर्ष भर उत्तरवाहिनी परिक्रमा के लिए श्रद्धालुओं का मंडला आगमन होता रहेगा।

# महाकौशल-रेवांचल अंचल में वार्षिक आचार्य अभ्यास वर्ग आयोजित

## ग्राम विकास, प्राथमिक शिक्षा और संस्कार पर फोकस, 35 आचार्य कार्यकर्ताओं की दक्षता बढ़ी



**मंडला 13 दिसंबर नभाप्र.** संभाग महाकौशल के रेवांचल अंचल अंतर्गत मंडला में पांच दिवसीय वार्षिक आचार्य अभ्यास वर्ग का सफल आयोजन किया गया। इस अभ्यास वर्ग में संच बम्हनी, अंजनिया, बिछिया एवं घुटास से आए कुल 35 आचार्य बंधुओं ने सहभागिता की। वर्ग का मुख्य उद्देश्य एक वर्ष एवं दो वर्ष से कार्यरत आचार्य कार्यकर्ताओं की कार्य गुणवत्ता, दक्षता एवं वैचारिक विकास को सुदृढ़ करना रहा। पांच दिवसीय अभ्यास वर्ग के दौरान आचार्य बंधुओं को प्राथमिक शिक्षा, आरोग्य योजना, ग्राम विकास, ग्राम स्वराज मंच एवं संस्कार शिक्षा विषयों पर प्रशिक्षण प्रदान किया गया। इन वर्गों के माध्यम से गांव के सर्वांगीण विकास की दिशा में ठोस मार्गदर्शन दिया गया। वर्ग का समापन समारोह गरिमामय वातावरण में सम्पन्न हुआ। इस अवसर पर अंचल समिति से आनंद सोनी अंचल अध्यक्ष, प्रदीप सिंह अंचल सचिव, उमा यादव अंचल उपाध्यक्ष, प्रदीप पटैल संच सचिव, संच बम्हनी सहित पूर्णकालिक कार्यकर्ताओं में संजय मरावी अभियान प्रमुख, राजेश यादव प्रशिक्षण प्रमुख, नंदकिशोर यादव अंचल कार्यालय प्रमुख, नरेश भांवरे गतिविधि प्रमुख एवं समस्त संच टोली उपस्थित रहे। आचार्य अभ्यास वर्ग ने कार्यकर्ताओं में नई ऊर्जा, स्पष्ट दृष्टि और गांव विकास के प्रति संकल्प को और अधिक मजबूत किया।

# रत्नेश दुबे बने राष्ट्रीय श्रमजीवी पत्रकार परिषद के प्रदेश उपाध्यक्ष

## नियुक्ति से संगठन और संभाग इकाई को मिलेगी नई ऊर्जा

**मंडला 13 दिसंबर नभाप्र.** मंडला जिले के वरिष्ठ पत्रकार रत्नेश दुबे को राष्ट्रीय श्रमजीवी पत्रकार परिषद में प्रदेश उपाध्यक्ष के महत्वपूर्ण पद पर नियुक्त किया गया है। मंडला जिला इकाई अध्यक्ष नीरज अग्रवाल ने बताया कि सहज और सरल व्यक्तित्व के धनी रत्नेश दुबे अनेक सामाजिक, साहित्यिक और धार्मिक संगठनों में विशिष्ट भूमिका निभाते रहे हैं। उनकी नियुक्ति से न केवल मंडला जिला इकाई, बल्कि संभाग इकाई भी मजबूती से काम कर सकेगी और संगठन को नई ऊर्जा मिलेगी।



उनकी नियुक्ति पर परिषद के राष्ट्रीय अध्यक्ष परमानंद तिवारी, प्रदेश अध्यक्ष राजेश दुबे, संभागीय अध्यक्ष चंद्रशेखर शर्मा सहित अनेक पदाधिकारियों और पत्रकारों ने उन्हें बधाई दी है।

# लोक अदालत में 193 प्रकरणों का निराकरण, 350 से अधिक लोग हुए लाभान्वित

## 16 लाख से अधिक का सेटलमेंट, निवास में नेशनल लोक अदालत सफल

**निवास 13 दिसंबर नभाप्र.** उच्च न्यायालय के आदेश और प्रधान जिला सत्र न्यायाधीश के निर्देशन में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण मंडला के सचिव तपन धारगा के मार्गदर्शन में तहसील विधिक सेवा समिति निवास में नेशनल लोक अदालत का सफल आयोजन किया गया। जिला न्यायाधीश, अध्यक्ष प्रवीण कुमार सिन्हा की अध्यक्षता में माँ सरस्वती की पूजा अर्चना के साथ शुभारंभ हुआ।



समझौते योग्य प्रकरणों के निराकरण के लिए 03 खंडपीठों का गठन किया गया। लोक अदालत में राजीनामा योग्य मोटर व्हीकल, आपराधिक, सिविल, भरण-पोषण, चेक बाउंस और पारिवारिक, वैवाहिक मामलों का निराकरण किया गया। बताया गया कि प्री-लिटिगेशन बैंक के 105 प्रकरण निराकृत हुए जिसमें 9 लाख 10 हजार 881 रूपए वसूल किये गए। नगर परिषद प्री-लिटिगेशन के 28 प्रकरण में 48 हजार 81 रूपए, श्रीराम फाइनेंस प्री-लिटिगेशन 1 प्रकरण में 1 लाख रूपए, न्यायालय के लंबित प्रकरण 66 रहे। वहीं मोटर व्हीकल एक्ट के 20 प्रकरण में 16 लाख 81 हजार रूपए वसूल किये गए। जिला न्यायाधीश प्रवीण कुमार सिन्हा के न्यायालय में अकेले मोटर व्हीकल एक्ट के 20 प्रकरणों का निराकरण हुआ, जिसमें 16 लाख 81 हजार रूपए का सेटलमेंट अमाउंट पारित हुआ। 350 से अधिक लोग निवास में आयोजित इस नेशनल लोक अदालत से लाभान्वित हुए।

### स्वास्थ्य परीक्षण शिविर आयोजित

नेशनल लोक अदालत के अवसर पर स्वास्थ्य परीक्षण शिविर का भी आयोजन किया गया। डॉक्टर्स की टीम ने ब्लड प्रेशर, शुगर टेस्ट, सर्दी-खांसी टेस्ट जैसे कई बीमारियों के साथ स्वास्थ्य परीक्षण किए, जिसका लाभ अधिकारियों, अधिवक्ताओं, कर्मचारियों और पक्षकारों सहित 35 लोगों ने उठाया। अध्यक्ष प्रवीण कुमार सिन्हा ने नेशनल लोक अदालत की सफलता के लिए सभी न्यायाधीशों, कर्मचारियों, अधिवक्ताओं एवं पक्षकारों के प्रति आभार व्यक्त किया।



# श्रीमद् भागवत कथा में राधा-कृष्ण की झांकी रहेगी आकर्षण का केंद्र

पिपरिया में 14 से श्रीमद् भागवत कथा

पं. अनुज कृष्णम करेंगे कथा वाचन

कलश यात्रा से होगा सप्ताह ज्ञान यज्ञ का शुभारंभ

**निवास 13 दिसंबर नभाप्र.** निवास के समीपी ग्राम पिपरिया में डॉक्टर एसआर की स्मृति में राय परिवार द्वारा धार्मिक कार्यक्रम के अंतर्गत श्रीमद् भागवत सप्ताह ज्ञान यज्ञ का आयोजन कर रहा है। धार्मिक कार्यक्रम की शुरूआत 14 दिसम्बर रविवार को विशाल कलश यात्रा के साथ की जाएगी। कलश यात्रा में कथा व्यास पं. अनुज कृष्णम महाराज वृंदावन धाम, स्थानीय संत जनों के सानिध्य और क्षेत्र के नागरिकों की उपस्थिति में बैंड, बाजे के साथ निकाली जाएगी। बताया गया कि इस कलश यात्रा में महाकौशल के आकर्षक झांकी राधा, कृष्ण की जीवंत झांकी एवं रंग बिरंगी आतिशबाजी, कलात्मक रंगोली, पुष्प वर्षा की जाएगी। कलश यात्रा की शुरूआत ग्राम पिपरिया स्थित मंदिर से होगी। इस दौरान एक रथ भी साथ चलेगा, जो कि कथा स्थल से आरंभ होकर ग्राम भ्रमण करते हुए ग्राम की माता खेरमाई मंदिर में पूजन अर्चन करते हुए वापिस कथा स्थल में संपन्न होगी। श्रीमद् भागवत कथा में 15 दिसंबर को कपिल गीता, ध्रुव चरित्र, 16 दिसम्बर को प्रहलाद चरित्र, 17 दिसंबर को श्री कृष्ण जन्मोत्सव, 18 दिसंबर को बाल लीला, 19 दिसंबर को रुकमणी विवाह, 20 दिसंबर को सुदामा चरित्र का वर्णन एवं 21 दिसंबर को गीता पाठ, हवन और भंडारा के साथ समापन किया जाएगा। कथा का वाचन प्रतिदिन दोपहर 2 बजे से सायं 6 बजे तक किया जाएगा। समस्त क्षेत्रवासियों से कलश यात्रा एवं भागवत कथा में सम्मिलित होकर धर्म लाभ लेने का आग्रह किया है।



# बम्हनी बंजर महाविद्यालय में एमए और बीएससी की मांग



उच्च शिक्षा के लिए भटक रहे छात्र

मांग पूरी न होने पर आंदोलन की चेतावनी

**बम्हनी बंजर 13 दिसंबर नभाप्र.** उच्च शिक्षा प्राप्त करने के लिए क्षेत्र के विद्यार्थियों को हो रही समस्याओं को लेकर अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद मंडला इकाई बम्हनी बंजर ने आवाज उठाई है। महाविद्यालय में एमए और बीएससी संकाय शुरू करने की मांग को लेकर परिषद के कार्यकर्ताओं ने एसडीएम के नाम ज्ञापन सौंपा। अभाविप कार्यकर्ताओं का कहना है कि बम्हनी बंजर और उसके आस-पास के गांवों के अनेक विद्यार्थी उच्च शिक्षा प्राप्त करने से वंचित रह जाते हैं। शासकीय कला महाविद्यालय बम्हनी बंजर में एमए स्नातकोत्तर और बीएससी विज्ञान संकाय के विषय उपलब्ध न होने के कारण छात्र-छात्राओं को मजबूरन या तो शिक्षा छोड़नी पड़ती है, या फिर उच्च शिक्षा प्राप्त करने के लिए उन्हें बाहर के शहरों में जाना पड़ता है, जो कि आर्थिक रूप से कमजोर छात्रों के लिए संभव नहीं होता।

### एसडीएम को सौंपा ज्ञापन

विद्यार्थी परिषद के कार्यकर्ताओं ने एसडीएम को सौंपे ज्ञापन में शासन से मांग की है कि शासकीय कला महाविद्यालय बम्हनी बंजर में शीघ्र अति शीघ्र एमए और बीएससी संकाय आरंभ किए जाएं। परिषद का कहना है कि संकाय शुरू होने से स्थानीय छात्रों को अपने क्षेत्र में ही गुणवत्तापूर्ण उच्च शिक्षा मिल सकेगी। अभाविप ने कहां है कि यदि उनकी यह मांगें जल्द पूरी नहीं की जाती हैं, तो विद्यार्थी परिषद क्षेत्र के छात्रों के हितों की रक्षा के लिए बड़ा आंदोलन करने के लिए बाध्य होगी।

बैठक | मासिक बैठक में स्वास्थ्य कार्यक्रमों की समीक्षा, लापरवाही पर सीबीएमओ सख्त

# सिकलसेल, टीबी को दे प्राथमिकता, समय से करें यूबीन एंट्री :सीबीएमओ



**नारायणगंज 13 दिसंबर नभाप्र.** सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र नारायणगंज में मासिक समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में एनीमिया, सिकलसेल, मातृ, शिशु मृत्यु दर, टीकाकरण, परिवार कल्याण, यूबीन, टीबी, कुष्ठ रोग, मलेरिया, नेत्र रोग, किशोर स्वास्थ्य कार्यक्रम, एनआरसी कार्यक्रम की समीक्षा की गई। बैठक में सीबीएमओ डॉ. अमृत लाल कोल, डब्ल्यूजेसीएफ डॉ. मनमोहन हरदहा, बीसीएम शैलेन्द्र सिंह, बीईई विजय मरावी समेत सीएचओ, एएनएम, सुपरवाईजर समेत सीएचसी का समस्त स्टाफ मौजूद रहा। नारायणगंज सीएचसी में संचालित राष्ट्रीय कार्यक्रमों की समीक्षा करते हुए सीबीएमओ डॉ. अमृत लाल कोल ने एनीमिया कार्यक्रम संबंधित जानकारी साझां की। इसके साथ ही बच्चों और गर्भवती महिलाओं के खून की जांच भी समय-समय पर करने के निर्देश दिए। समीक्षा बैठक में सिकल सेल कार्यक्रम की समीक्षा करते हुए डब्ल्यूजेसीएफ डॉ. मनमोहन हरदहा ने सिकलसेल संबंधित प्रशिक्षण दिया गया। समीक्षा बैठक में बीसीएम शैलेन्द्र सिंह ने मातृ, शिशु मृत्यु दर की समीक्षा करते हुए कहां कि मातृ व शिशु मृत्यु की रिपोर्टिंग समय से करें। इसके साथ ही एचबीपीएनसी को गुणवत्तापूर्ण करने के लिए निर्देशित किया। उन्होंने सीएचओ, एएनएम और सुपरवाईजरों से कहां कि ग्राम स्तर पर आशा द्वारा एचबीपीएनसी की जाती है, उसकी मॉनीटरिंग भी सीएचओ और एएनएम को करनी है। इसके साथ ही कोई समस्या होने पर उच्च संस्था में मरीज को भेजकर जांच परीक्षण कराए। बैठक में उपस्थित सीएचओ, एएनएम और सुपरवाईजर से कहां कि समय से बच्चों का टीकाकरण करें, गर्भवती महिलाओं की जांच और टीकाकरण भी समय से करें, कोई भी लापरवाही ना बरते। सीएचसी नारायणगंज में पदस्थ सभी एएनएम और सीएचओ को एचबीपीएनसी और एचबीवायसी नियमित करने एवं मॉनीटरिंग करने के निर्देश दिए है। आयोजित बैठक में एसटीएस देवेन्द्र साहू ने टीबी कार्यक्रम की समीक्षा करते हुए स्वास्थ्य कर्मचारियों को निर्देश दिए कि टीबी संभावित वल्नरेबल जनसंख्या के लोगों की निश्चय आईडी बनाकर उनका एक्सरे जांच एवं सीवाई टेस्ट कराया जाए।

